जो यूरोपीय संघ में निवासी नहीं है ऐसे व्यवसायीयों के लिए वैट के दायित्वों पर सूचना पत्र

निम्नलिखित जानकारी जर्मन बिक्री कर कानून में एक संक्षिप्त अंतर्दृष्टि देती है। हालांकि, कानूनी स्थिति की जटिलता के कारण ये निर्देश संपूर्ण नहीं हैं।

संदेह के स्थिती में, एक कर सलाहकार से संपर्क करने की सिफारिश की है (अधिक जानकारी के लिए, संघीय कर सलाहकार चैंबर की इंटरनेट साईट पर शासकीय कर सलाहकार निर्देशिका/ राष्ट्रीय कर सलाहकार खोज सेवा देखें, www.bstbk.de).

बिक्री कर क्या होता है?

बिक्री कर -जिसे वैल्यू एडेड कर भी कहतें हई -एक ऐसा कर है, जो, अन्य चीजों के साथ, माल की बिक्री में शामिल होता है। बिक्री कर बिक्री मूल्य का एक हिस्सा होता है और खरीदार द्वारा उसका भुगतान किया जाता है, लेकिन विक्रेता द्वारा कर अधिकारियों को मुक्त किया जाना चाहिए। बिक्री कर अधिनियमों में कानूनी नियम होते हैं (UStG)[1].

बिक्री कर कितना होता है?

जर्मनी में कर का दर मूलतः 19% है।

उदाहरण: एक विक्रेता देश में एक MP3 प्लेयर 40.00 यूरो को बेचता है। उसमें शामिल बिक्री कर 6.38 यूरो है (33.62 यूरो के 19%; 33.62 यूरो + 6.38 यूरो = 40.00 यूरो)।

जर्मन बिक्री कर के अधीन कौनसी बिक्री है?

विशेष रूप से निम्न व्यवसाय घटनाएँ बिक्री कर के अधीन होती हैं

1. जर्मनी के एक खरीदार/ ग्राहक को जर्मनी में गोदाम से माल की बिक्री
2. जर्मनी के एक खरीदार/ ग्राहक को यूरोपीय संघ के किसी अन्य सदस्य राज्य के गोदाम से माल की बिक्री (डिलीवरी दहलीज का पालन, § 3सी UStG)
3. जर्मनी के एक खरीदार/ ग्राहक को तीसरे देश (यूरोपीय संघ के बाहर के देशों) से माल की बिक्री, यदि विक्रेता या उसके एजेंट ने सीमा शुल्क और कर भरा हो|

यूरोपीय संघ में स्थापित नहीं हैं और जर्मनी में बिक्री कर के अधीन हों, जो बिक्री कर रहे हैं, ऐसे विक्रेताओंने जर्मनी में कर उद्देश्यों के लिए पंजीकरण करना अनिवार्य है|

---

[1] https://www.gesetze-im-internet.de/ustg_1980/ (न्याय और उपभोक्ता संरक्षण संघीय मंत्रालय)

पंजीकरण कहाँ और कैसे किया जाता है?

बिक्री कर के निर्धारण और वसूली के लिए कर कार्यालय जिम्मेदार होते हैं। जर्मनी के गैर-निवासी विक्रेताओं के लिए कुछ विशिष्ट कर कार्यालय जिम्मेदार होते हैं, जैसे कि

विक्रेता का निवास स्थान	**जिम्मेदार कर कार्यालय (ई-मेल)**
चीन / जापान / भारत	बर्लिन नॉयक्योल्न (poststelle@fa-neukoelln.verwalt-berlin.de)
संयुक्त राज्य अमेरिका	बॉन-शहर (Service@FA-5205.fin-nrw.de)
बेलारूस / रूसी संघ	मैगडेबर्ग (poststelle@fa-md.ofd.mf.sachsen-anhalt.de)
स्विट्जरलैंड	कोन्स्टान्ज़ (poststelle-09@finanzamt.bwl.de)
टर्की	डॉर्टमुंड-उन्ना (Service@FA-5316.fin-nrw.de)

कर कार्यालयों का क्षेत्राधिकार विदेश में स्थित व्यवसायीओं के बिक्री कर के लिए स्थानीय क्षेत्राधिकार पर होनेवाले अध्यादेश 1 (बिक्री कर कार्यवाह-क्षमता अध्यादेश – UstGZustV)[2]में विनियमित है।. इस विनियमन में सूचीबद्ध नहीं होनेवाले राज्यों के विक्रेताओं के लिए उपर्युक्त कर कार्यालय बर्लिन- नॉयक्योल्न भी केंद्रीयरूप से जिम्मेदार है।

जिम्मेदार कर कार्यालय से अनौपचारिक संपर्क के बाद, उदाहरण के लिए ई-मेल द्वारा, कर पंजीकरण के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए वह आवेदक/ विक्रेता को एक प्रश्नावली भेजेगा।

कर पंजीकरण पूरा हो जाने पर, आवेदक/ विक्रेता को उससे जुडा हुआ कर नंबर लिखित में दिया जाएगा।

क्या अन्य कर दायित्व उत्पन्न होते हैं?

विक्रेता को मासिक या तिमाही रूप से अपनी बिक्री कर कार्यालय को पेश करनी होगी, (बिक्री कर पूर्व-घोषणा), जो कर की गणना करके भुगतान करेगा। इसके अलावा, बिक्री कर पर एक वार्षिक घोषणापत्र (§ 18 UStG) प्रस्तुत किया जाना चाहिए। बिक्री कर पूर्व-घोषणा और बिक्री कर पर वार्षिक घोषणापत्र मूलतः इलेक्ट्रॉनिक रूप से शासकीय तौर पर निर्धारित निर्धारित डेटा सेट के अनुसार कर कार्यालय को भेजना होता हैं।

कर-संबंधित दस्तावेजों को रखा जाना चाहिए और कर कार्यालय के अनुरोध पर उसे भेजना चाहिए।

ध्यान दें:

[2] https://www.gesetze-im-internet.de/ustzustv/BJNR381400001.html (न्याय और उपभोक्ता संरक्षण संघीय मंत्रालय)

कानूनी सीमा शुल्क और आयात बिक्री कर संबंधी जानकारी निम्न लिंक पर उपलब्ध है:
http://www.zoll.de/SharedDocs/Downloads/DE/Publikation/Broschuere/Reise-Post/faltblatt_zoll_post_internethandel.pdf?__blob=publicationFile&v=15

पूर्वनिर्धारित दायित्वों का अनुपालन न करने पर या उल्लंघन करने पर जर्मनी को दंड कानून या आपराधिक कानून के तहत दंडित किया जाएगा!